Bareilly, Sunday,
19 October 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 14

दैनिक जागरण inext

PAGE NO.- 02 : TOP

# एसआरएमएस ट्रस्ट को किया सम्मानित

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (18 Oct):** औद्योगिक क्षेत्र के विकास में विशेष व सराहनीय योगदान के लिए जिला प्रशासन की ओर से एसआरएमएस ट्रस्ट को सम्मानित किया गया. उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से यह सम्मान ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने स्वीकार किया.



एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव को किया गया सम्मानित.

## सम्मान समारोह हुआ

उपायुक्त उद्योग, जिला प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से अर्बन हाट में 17 अक्टूबर शाम यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025, स्वदेशी मेला व युवा उद्यमी सम्मान समारोह हुआ. इसमें महापौर डा. उमेश गौतम, जिला प्रशासन की ओर से उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त विकास यादव और नगरायुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बरेली के औद्योगिक विकास में योगदान के लिए एसआरएमएस ट्रस्ट सहित एक दर्जन उद्यमियों को सम्मानित किया.

## स्वीकार किया सम्मान

एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने सम्मान स्वीकार किया.सम्मान समारोह में मेयर भी मौजूद रहे. इस अवसर पर अशोक गोयल, एसके सिंह, मयूर धीरवानी अजय शुक्ला, पारस खंडेलवाल, आशुतोष शर्मा, गौरव मित्तल सहित शहर के गण्यमान्य उद्यमी उपस्थित रहे.